घृणा अपराधों को समझना

घृणा अपराध और घृणा की घटनाएँ NSW में प्रतिदिन होती हैं लेकिन अध्ययन से पता चलता है कि उनकी रिपोर्ट बहुत ही कम की जाती है।

घृणा अपराधों की रिपोर्ट करने में सहज महसूस करने के लिए, यह समझना महत्वपूर्ण है कि वे क्या होते हैं।

लोगों की पहचान या कथित अंतर के कारण उनके प्रति पूर्व धारणा या पक्षपात करना घृणा कहलाती है।

जब कोई अपराध घृणा से प्रेरित हो, तो वह घृणा अपराध बन जाता है।

जब कोई अपराध नहीं किया जाता, लेकिन कोई कार्रवाई अभी भी घृणा, पूर्व धारणा या पक्षपात से प्रेरित होती है, तो इसे घृणा की घटना के रूप में जाना जाता है।

घृणा अपराध और घृणा की घटनाओं दोनों को ही पुलिस बड़ी गंभीरता से लेती है।

हम सभी को अपने अनुभवों की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं क्योंकि इससे भविष्य में होने वाली घटनाओं को कम करने में मदद मिलती है।

NSW Police Force

NSW GOVERNMENT

वैकल्पिक संसाधन विकल्पों की खोज के लिए स्कैन करें

NSW Police Force

NSW GOVERNMENT

घृणा अपराध

समझना और रिपोर्ट करना

जब आप रिपोर्ट करते हैं तो क्या आशा की जा सकती है

जब आप पुलिस को कॉल करते हैं तो आप उन्हें बता सकते हैं कि आप कहाँ हैं और आपने क्या अनुभव किया या क्या देखा।

जब आप पुलिस को रिपोर्ट करेंगे तो वे आपका विवरण पूछेंगे। आप रिपोर्टिंग के समय इन विवरणों को प्रदान नहीं करने का विकल्प चुन सकते हैं, हालाँकि यह इस बात को प्रभावित करेगा कि पुलिस किस तरह से जाँच को आगे बढ़ा सकती है

आपकी रिपोर्ट से स्थानीय क्षेत्रों में क्या हो रहा है, इसकी एक बड़ी तस्वीर को चित्रित करने में मदद होती है और यह व्यवहार के वे नमूने दिखाती है जिनको हम संबोधित कर सकते हैं।

यदि आप घृणास्पद कुछ देखें तो क्या करें।

आपात स्थिति में ट्रिपल ज़ीरो **(000)** पर कॉल करें

उस व्यक्ति से पूछें कि क्या वे ठीक हैं और सुनें कि उन्हें क्या कहना है

किसी भी पुलिस स्टेशन में व्यक्तिगत रूप से रिपोर्ट करें

Crimestoppers.com.au पर ऑनलाईन या **1800 333 000** पर रिपोर्ट करें

घृणा की रिपोर्ट कैसे करें

आपात स्थिति में ट्रिपल ज़ीरो **(000)** पर कॉल करें

किसी भी पुलिस स्टेशन में व्यक्तिगत रूप से रिपोर्ट करें

crimestoppers.com.au पर ऑनलाईन या **1800 333 000** पर रिपोर्ट करें

सोशल मीडिया और ऑनलाईन घृणा

यूज़रनेम, यूआरएल और किसी भी अन्य प्रासंगिक जानकारी सहित स्क्रीन शॉट लेकर दुर्व्यवहार का सबूत रखें

सीधे प्लेटफ़ॉर्म पर उस व्यक्ति की रिपोर्ट करें

crimestoppers.com.au पर ऑनलाईन या **1800 333 000** पर रिपोर्ट करें

या ई-सुरक्षा आयुक्त को **www.esafety.gov.au** पर ऑनलाइन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करें।